| | |
|---|---|
| (i) Printed Pages: 3 | Roll No. ............................ |
| (ii) Questions : 9 | Sub. Code : 0 1 0 8 |
| | Exam. Code : 0 0 0 2 |

**B.A./B.Sc. (General) 2nd Semester**

**(2054)**

# HINDI (Elective)

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

1. (क) निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें :—

पग घुंघरू बांध मीरा नाची रे।।टेक।।
मैं तो मेरे नारायण की, आपहि हो गई दासी रे।
लोग कहैं मीरां भई बावरी, न्यात कहैं कुलनासी रे।
विष का प्याला राणा जी भेज्या, पीवत मीरा हांसी रे।
मीरां के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी रे।।

अथवा

धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।।
काहू की बेटी सों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ।।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ।।
मागि कै खैबो, मसीत की सोइबो, लैबो को एकु न देवैको दोउ।।

8

(ख) पुष्प-वाटिका-प्रसंग का सार अपने शब्दों में दीजिए।

**अथवा**

मीराबाई का साहित्यिक परिचय दीजिए। 8

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(क) झांसी की रानी उपन्यास की कथावस्तु की विशेषताएं लिखिए।

(ख) झांसी की रानी उपन्यास की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ग) राजा गंगाधर राव का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) तात्या टोपे का चरित्र-चित्रण कीजिए। 16

3. भक्तिकालीन संत काव्य-धारा की विशेषताएं लिखिए।

**अथवा**

भक्तिकाल की सामान्य विशेषताएं लिखिए। 8

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(क) मीरा के पदों की रचना किन-किन भाषाओं में प्राप्त होती है ?

(ख) मीरा का विवाह किससे हुआ था ?

(ग) तुलसीदास किस बादशाह के समकालीन थे ?

(घ) सीता किसकी पूजा करने के लिए पुष्पवाटिका में आयी थी ?

(ङ) गिरिधर कविराय ने किस छंद में काव्य रचना की थी ?

(च) बाजीराव को कितनी पैंशन मिलती थी ?

(छ) मनू के बचपन के साथी कौन-कौन थे ?

(ज) मनू की मुस्लिम सहेलियों के नाम लिखिए।

(झ) राजा गंगाधर राव ने किसे देश निकाला दिया था ?

(ञ) नवाब अली बहादुर के विश्वस्त नौकर का क्या नाम था ?

(ट) दो संत कवियों को नाम लिखिए।

(ठ) पद्मावत की रचना किसने की थी ?

(ड) सूरदास की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ढ) तुलसीदास की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ण) किन्हीं दो अष्टछाप कवियों के नाम लिखिए। 10

5. उपन्यास के तत्वों की विवेचना करें।

अथवा

उपन्यास के प्रमुख प्रकारों का विवेचन कीजिए। 7

6. किन्हीं पाँच मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाएँ :—

आ बैल मुझे मार, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, कंगाली में आटा गीला, ईंट से ईंट बजाना, कान भरना, गुदड़ी का लाल, घी के दिये जलाना, फूले न समाना। 10

7. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें :—

मजदूरी का महत्त्व, जीवन में शिक्षा का महत्त्व, बेरोजगारी। 10

8. अपने मित्र को पत्र लिखकर उसे कालेज में अपने पहले दिन का अनुभव बताइए।

अथवा

अपने प्रदेश के शिक्षामंत्री को पत्र लिखकर वर्तमान शिक्षा-प्रणाली के गुणों-दोषों की चर्चा कीजिए। 8

9. किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखिए :—

Ministry, Nationality, Offence, Option, Seniority, Target, Up-to-date, Warning. 5